इसके ठीक विपरीत महामारी के दौरान 'दक्षिण' में क्षेत्रीय सहयोग की विभिन्न पहल पूरी तरह से सफलतापूर्वक की जा रही हैं। 8 सदस्यीय दक्षिण एशियाई समूह 'सार्क' ने विशेष कोविड–19 आपातकालीन कोष के लिए 21.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर एकत्रित किए हैं (रॉश, 2020)। महाद्वीपीय स्तर पर द अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने 'कोविड–19 परीक्षण में तेजी लाने के लिए साझेदारी (पैक्ट)' के तहत 1 मिलियन से भी अधिक कोविड–19 परीक्षण किट वितरित करने की योजना बनाई है, ताकि कोविड परीक्षण में कमी की समस्या को दूर करने में समूचे अफ्रीका के देशों की मदद की जा सके (अल जजीरा, 2020)। मध्य अमेरिकी देशों द्वारा एक क्षेत्रीय आकस्मिक योजना बनाई गई है (सिस्तेमा डे ला इंटेग्रैशन सेंट्रोअमेरिकेराना), जिससे कि न केवल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से, बल्कि इस क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों पर पड़ रहे व्यापक आर्थिक प्रभाव के नजरिए से भी वायरस के खतरे को नियंत्रित किया जा सके (सिका, 2020)। डॉक्टरों और हेल्थकेयर प्रोफेशनलों को दूसरे देशों में भेजने की परंपरा को निरंतर जारी रखते हुए क्यूबा मेडिकल ब्रिगेड ने 37 डॉक्टरों और 15 नर्सों को इटली भेजा (यह दक्षिण–उत्तर सहयोग का एक दुर्लभ अवसर है), ताकि वहां की ढहती स्वास्थ्य सुविधाओं को वापस पटरी पर लाने में आवश्यक सहयोग दिया जा सके (ऑन क्यूबा, 2020)। इसके अलावा, एक अभूतपूर्व वाकया यह हुआ कि वर्तमान में भारत में रह रहे लगभग 24000 अमेरिकी नागरिकों ने वापस अमेरिका नहीं जाने का फैसला किया, जबकि अमेरिकी विदेश विभाग ने उन्हें स्वदेश वापस लाने के लिए विशेष उड़ानों की व्यवस्था कर दी थी (टाइम्स ऑफ इंडिया, 2020)।

इन सबके मद्देनजर यह कहा जा सकता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन के 'उत्तर' से 'दक्षिण' की ओर झुकने का जो क्रम या सिलसिला पिछले कई दशकों से निरंतर जारी है, वह अब नई रफ्तार पकड़ेगा और इसके साथ ही मैन्युफैक्चरिंग या विनिर्माण हब (जो वर्तमान में चीन में है) का पुनर्वितरण आगे चलकर 'समूचे दक्षिण' में हो सकता है। विभिन्न विशेषज्ञ पहले से ही संयुक्त राष्ट्र एवं डब्ल्यूएचओ जैसे

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में चीन की मौजूदगी का विस्तार होने और प्रभाव बढ़ने का दावा कर रहे हैं (ली, 2020)। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे व्यापक प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए 'उत्तर' वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (वैल्यू चेन) पर नए सिरे से विचार कर सकता है और कुछ विनिर्माण यूनिटों को चीन से दूर स्थानांतरित कर सकता है, ताकि 'समूचे दक्षिण' में उत्पादन यूनिटों के वितरण या मौजूदगी के माध्यम से अपने जोखिमों में विविधता लाई जा सके। इसके साथ ही समस्त देशों को अब सचेत हो जाना चाहिए कि उन्हें वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं एवं वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य की आवश्यकता को और भी अधिक गंभीरतापूर्वक पूरा करना होगा तथा अपने नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने हेतु पूरी ईमानदारी से ठोस कदम उठाने होंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका (डेवी, 2020) एवं ग्रेट ब्रिटेन (नेविल, 2019) ने अपने सार्वजनिक स्वास्थ्य बजट को बढ़ाने के बजाय कम कर दिया है। वहीं, दूसरी ओर भारत ने हाल–फिलहाल में नहीं, बल्कि अभी से पांच साल बाद 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवा पर खर्च करने की योजना बनाई है, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद का महज 1 प्रतिशत है (सोनी, 2020)।

समाप्ति नोट

[1] द गार्जियन, 2020% https://www.theguardian.com/world/2020/ apr/02/global-battle-coronavirus- equipment-masks-tests

[2] ड्यूश वेले 2020% https://www.dw.com/en/berlin-accuses-us-of- hijacking-shipment-of-masks/av- 53017703

संदर्भ

अल जजीरा, 2020. ' अफ्रीका सीडीसी स्टेप्स अप कोरोना वायरस रेस्पॉन्स बाय रोलिंग आउट 1 मिलियन टेस्ट्स'. यहां उपलब्धः https://www.aljazeera.com/news/2020/04/africa-cdc-steps-coronavirus-response-rolling-1m-tests-200416142625589.html. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल (एक्सेस)।

बोर्गर, जे. 2019- *द गार्जियन* ट्रम्प रि–इलेक्शन कुड साउंड डेथ नेल फॉर नाटो, एलायज फियर , यहां उपलब्धः https://www.theguardian. com/world/2019/dec/02/nato-donald- trump-second-term. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल (एक्सेस)।

डेवी, एस. 2020, *द लांसेट* 'यूएस पब्लिक हेल्थ बजट कट्स इन द फेस ऑफ कोविड–19'. यहां उपलब्धः https://www.thelancet.com/journals/laninf/article/PIIS1473-3099(20)30182-1/ fulltext. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल (एक्सेस)।

गिल, जे. 2020, *यूरोन्यूज* ''ईयू कमीशन प्रेसीडेंट ऑफर्स 'हार्टफेल्ट एपोलॉजी' टू इटली, एज एमईपी डिबेट कोरोना वायरस रेस्पॉन्स''. यहां उपलब्ध : https://www.euronews. com/2020/04/16/eu-commission- president-offers-heartfelt-apology-to-italy. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

गुप्ता, एस. 2020. *साइंस न्यूज* 'व्हाई अफ्रीकन–अमेरिकन्स मे बी एस्पेशियली वल्नरेबल टू कोविड–19' यहां उपलब्धः https://www.sciencenews.org/article/coronavirus- why- african-americans-vulnerable-covid- 19-health-race 15 अप्रैल, 2020 को हासिल।

गियरन, ए और किम, एस.एम. 2019- *वाशिंगटन पोस्ट* 'ट्रम्प कन्डेम्स ग्लोबलिज्म , टाउट्स नेशनलिस्टिक व्यू ऑफ फॉरेन अफेयर्स एट यू.एन.' यहां उपलब्धः https://www. washingtonpost.com/politics/trump- touts-nationalistic-view-of-foreign-affairs- at-un/2019/09/24/e4a8486a-ded2-11e9- 8fd3-d943b4ed57e0_story.html. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

हेनरिक्स, एम. 2020. *बीबीसी* 'विल कोविड–19 हैव ए लास्टिंग इम्पैक्ट ऑन द एन्वॉयरनमेंट?'. यहां उपलब्धः https://www. b b c. com/future/article/20200326-covid- 19-the-impact-of-coronavirus-on-the- environment. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल।

जॉनसन, के. 2019. *फॉरेन पॉलिसी* 'हाऊ ट्रम्प मे फाइनली किल द डब्ल्यूटीओ'. यहां उपलब्ध : https:// foreignpolicy.com/2019/12/09/ trump-may-kill-wto-finally-appellate- body-world-trade organization/. 17 अप्रैल, 2020 को हासिल।

जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी एंड मेडिसिन, 2020- रेसियल डेटा ट्रांसपैरेंसी। यहां उपलब्धः https:// coronavirus. jhu.edu/data/racial-data- transparency. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

ली, के. 2020- *पॉलिटिको* 'इट इज नॉट जस्ट द डब्ल्यूएचओ, चाइना इज मूविंग ऑन द होल यूएन'. यहां उपलब्धः https://www.politico.com/news/ magazine/2020/04/15/its-not-just-the- who-how-china-is-moving-on-the-whole- un-189029. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल।

महलर, ए.जी. 2017. "ग्लोबल साउथ" *ऑक्सफोर्ड बिब्लियोग्राफीज इन लिटरेसी एंड क्रिटिकल थ्योरी* , एडिटर – यूजेन ओ' ब्रायन। न्यूयॉर्क : ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

नेविल, एस. 2019- *फाइनेंशियल टाइम्स* 'फंडिंग कट्स टू प्रिवेंशन एंड केयर थ्रेटन एनएचएस विजन'. यहां उपलब्धः https://www.ft.com/ content/226a7c76-9104-11e9-b7ea-60e35ef678d2. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल।

ऑन क्यूबा , 2020. 'द लाइफ दैट बिगिन्स फॉर क्यूबन डॉक्टर्स इन इटली'. यहां उपलब्धः https:// oncubanews.com/en/cuba/the-life- that-begins-for-cuban-doctors-in-italy/.18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

रॉश, ई. 2020. *लाइव मिंट* 'पाकिस्तान प्लेजेज $3 मिलियन टू सार्क कोविड–19 एमरजेंसी फंड'. यहां उपलब्धः https://www.livemint. com/news/india/ pakistan-pledges- 3-mn-to-saarc-covid-19-emergency- fund-11586457666830.html. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

शर्मा, एन. 2020. *ब्लूमबर्ग क्विंट* 'फॉर वर्कर्स फ्लीइंग इंडियन सिटीज ऑन फुट, कोविड–19 इज द लीस्ट ऑफ देयर वरीज'. यहां उपलब्ध : https:// www.bloombergquint.com/coronavirus-outbreak/for-workers- fleeing-indian-cities-on-foot-covid-19-is- the-least-of-their-worries. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल।

सिका, 2020- 'सेंट्रल अमेरिका प्रेसीडेंट्स एलाय एगेन्स्ट कोविड–19' यहां उपलब्धः https://www.sica. int/noticias/central-america-presidents-ally-against- covid-19_1_121412.html. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

स्मिथ, ई. 2020. *डेवेक्स* 'दिज कंट्रीज हैव ओनली ए हैंडफुल ऑफ वेंटिलेटर्स'. यहां उपलब्धः https:// www.devex.com/news/ these-countries-have-only-a-handful-of- ventilators-96970. 16 अप्रैल, 2020 को हासिल।

सोनी, पी. 2020. *बिजनेस इंसाइडर* 'गवर्नमेंट इन्क्रीजेज हेल्थकेयर बजट बाय 10% –बट दैट मे नॉट बी सफिशिएंट'. यहां उपलब्धः https://www. businessinsider.in/budget/news/health-budget-2020-allocation- updates-and-news/articleshow/73830687. cms. 19 अप्रैल, 2020 को हासिल।

टाइम्स ऑफ इंडिया, 2020. 'ऐज 444 फ्रॉम ऑस्ट्रेलिया फ्लाई होम, यूएस नेशनल्स प्रेफर टू स्टे.'. यहां उपलब्ध : https://timesofindia. indiatimes. com/india/as-444-from- australia-fly-home-us-nationals-prefer- to-stay-back/ articleshow/75113781.cms. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

वाकात्सुकी, वाई. 2020. *सीएनएन* 'शिंजो अबे सेज देयर आर इश्यूज विथ डब्ल्यूएचओ , एंड जापान विल रिव्यू इट्स फंडिंग आफ्टर द पैन्डेमिक'. यहां उपलब्धः https://edition.cnn.com/ world/live-news/coronavirus-pandemic- intl-04-17-20/ h_69ea3cf72279cba70faab19a cc7e912c. 18 अप्रैल, 2020 को हासिल।

डब्ल्यूएचओ, 2020. *'द ग्लोबल हेल्थ ऑब्जर्वेटरी'* . यहां उपलब्धः https://www.who.int/ data/gho/data/ indicators/indicator- details/GHO/medical-doctors-(per-10- 000-population). 16 अप्रैल, 2020 को हासिल।

वर्ल्डोमीटर्स, 2020. यहां उपलब्धः https:// www. worldometers.info/coronavirus/. 23 अप्रैल, 2020 को 8:27 सीएसटी पर हासिल।

भारत–अफ्रीका संबंधः वर्तमान संकट और भविष्य

*अभिनव झा**

''महामारी से निपटने के प्रयास भविष्य की वैश्विक संरचना और उसका अंग बनने वाली प्रक्रियाओं के संबंध में उभरते कथानक पर भी केंद्रित होने चाहिए।''

मौजूदा दौर में भारत और अफ्रीका के बीच के संबंध सबसे बेहतरीन अवस्था में हैं और इस समय वैश्विक महामारी ने हमें विभिन्न क्षेत्रों में तथा विविध तौर–तरीकों के माध्यम से इस महाद्वीप के साथ अपने रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाने का अवसर प्रदान किया है। इस वैश्विक महामारी के प्रकोप के दौरान एक–साथ काम करने से दोनों पक्षों को ग्लोबल पब्लिक गुड्स (जीपीजी) के प्रावधान के तहत दक्षिणीय सहयोग की ताकत प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। भारत और अफ्रीका के संबंध प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा अपनी यूगांडा यात्रा के दौरान निर्धारित किए गए सिद्धांतों द्वारा निर्देशित हैं। इन सिद्धांतों में कृषि में सुधार लाना, स्थानीय प्राथमिकताओं के आधार पर निजी निवेश का प्रवाह बढ़ाना, जलवायु परिवर्तन से निपटना, अफ्रीकी राष्ट्रों को डिजिटल प्रौद्योगिकी के जरिए रूपांतरण (यानी डिजिटल–लेड ट्रांसमिशन्स) से लाभांवित होने में सहायता करना, अफ्रीकी नौजवानों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करना तथा समावेशी विश्व व्यवस्था के लिए एकजुट होकर कार्य करने की दिशा में प्रयास करते हुए निरंतर साझेदारियों का निर्माण करना शामिल है। वैश्विक महामारी के खिलाफ जंग में भारत और अफ्रीका का मार्गदर्शन करने में इन सिद्धांतों का उपयोग संकटकाल में आपदाओं के प्रबंधन और उन पर काबू पाने के विकासशील देशों के सामर्थ्य की दुनियाभर में मिसाल पेश करेगा। दरअसल महामारी से निपटते समय भारत–अफ्रीकी साझेदारी को चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत हैः

* पॉलिसी मैनेजर, जीडीसी। ये व्यक्तिगत विचार हैं।

स्वास्थ्य

यह पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि मौजूदा महामारी बुजुर्गों तथा मधुमेह, हृदयरोग आदि जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए जानलेवा है। इसलिए इस महामारी से निपटने का सबसे विश्वसनीय तरीका यही है कि बुजुर्गों और गैर–संचारी रोगों (एनसीडी) से पीड़ित लोगों के लिए मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली मौजूद हो। दुर्भाग्यवश अनेक विकासशील देशों में ऐसे बुजुर्गों की आबादी का प्रतिशत बढ़ा है, जिनमें एनसीडी से रोकथाम के बारे में जागरूकता की कमी है। मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के अलावा, औषधियों की एक ऐसी विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला की भी जरूरत है, जो लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करती हो। वर्तमान में अनेक विकासशील देश एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीअन्ट्स (एपीआई) के एकल आपूर्तिकर्ता पर निर्भर हैं और ग्लोबल वेल्यू चेन्स (जीवीसी) पर यह निर्भरता उन्हें काफी महंगी पड़ी है। मौजूदा संकट से संबंधित तीसरा पहलु वायरस में त्वरित गति से हो रहे जेनेटिक परिवर्तन हैं। इस त्वरित परिवर्तन से निपटना और होस्ट के जेनेटिक प्रोफाइल के उपयुक्त वैक्सीन तैयार करना ऐसी चुनौतियां हैं, जिनके लिए अत्याधुनिक जैव–प्रौद्योगिकीय कौशलों की आवश्यकता; है। उपरोक्त सभी बिंदुओं अर्थात बुजुर्गों और एनसीडी से पीड़ित लोगों के लिए मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की आवश्यकता एपीआई आपूर्ति श्रृंखला के लिए जोखिमों को कम करना तथा विश्वसनीय फार्मास्यूटिकल वेल्यू चेन्स तैयार करना; तथा घरेलू जैव–प्रौद्योगिकीय क्षमताओं का सृजन करना ऐसे क्षेत्र हैं, जो इस महामारी का मुकाबला करने के लिए भारत–अफ्रीकी प्रयासों का केंद्र बिंदु हो सकते हैं। इसके तौर तरीकों में उत्कृष्ट पद्धतियों को साझा करना, केंद्रित निवेश निधियों का सृजन, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, सहयोगपूर्ण अनुसंधान तथा इन क्षेत्रों की समस्याओं को कारगर ढंग से दूर करने में सक्षम अन्य कदम शामिल हैं।

कृषि

लॉकडाउन लागू करना महामारी के प्रसार पर अंकुश लगाने से संबंधित रोकथाम के उपायों में शामिल था। लॉकडाउन लागू करने वाले सभी देशों की घरेलू अर्थव्यवस्थाओं को इसके कारण गंभीर अवरोधों का सामना करना पड़ा। ऐसी परिस्थितियों में सबसे ज्यादा असहाय गरीब आबादी रही, जिसे खाद्यान्नों की कमी, भूख, कुपोषण और इसी तरह की बेहिसाब समस्याओं का सामना करना पड़ा। ऐसे हालात से निपटने के लिए मजबूत खाद्य सुरक्षा प्रणालियों, वितरण और भंडारण के बुनियादी सुविधाओं साथ ही साथ कृषि उपज और पोषण संबंधी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए निवेश की आवश्यकता है। ये समस्त क्षेत्र विकासशील देशों में गरीबों पर इस महामारी के दीर्घकालिक प्रभावों में कमी लाने के प्रति लक्षित कृषि क्षेत्र में भारत–अफ्रीका साझेदारी के लिए उपयुक्त केंद्र बिंदु हैं। इस क्षेत्र के तौर–तरीकों में प्राइवेट सेक्टर आउटरीच, स्थानीय परिस्थितियों के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी का सहयोगपूर्ण विकास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और अन्य उपयुक्त कदमों को शामिल किए जाने की जरूरत है।

डिजिटल प्रौद्योगिकियां (आईसीटी आधारित ई–गवर्नेंस सहित)

संकट के इस दौर में लोगों के सीधे सम्पर्क में आने में कमी लाने की जरूरत ने ऐसे कई कार्यों

को अंजाम देने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग को आवश्यक बना दिया है, जिन्हें संकटकाल से पहले व्यक्तिगत रूप से किया जाता था। डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए खरीददारी करने, समाचार पत्र पढ़ने, क्लासरूम में मौजूद रहकर पढ़ाई करने, दोस्तों के साथ मेल–जोल रखने, सहकर्मियों से मुलाकात करने आदि जैसी रोजमर्रा की गतिविधियों को संक्रमण के बहुत कम जोखिम सुनिश्चित करते हुए बेहतरीन तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। इसके अलावा, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करते हुए इस संकट से भी कारगर ढंग से निपटा जा सकता है।

इस समय कुछ ऐसे ऐप उपलब्ध हैं, जिन्हें इस महामारी से संक्रमित लोगों की पहचान, प्रबंधन और उनके बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए तैयार किया गया है। इनसे महामारी से निपटने के लिए निवारक और अन्य उपायों को लागू करने हेतु सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए आवश्यक कार्यकलापों के संबंध में ईज ऑफ गर्वनेंस में मदद मिलती है। इसलिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां महामारी के प्रति लक्षित किसी भी तरह के भारत–अफ्रीकी प्रयासों का केंद्र बिंदु होनी चाहिए। इसके लिए चेलैंज फंड्स यानी किसी खास उद्देश्य के लिए धन आवंटित करने, सार्वजनिक निजी पहल, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सहयोगपूर्ण प्रौद्योगिकी अनुसंधान और क्षेत्र विशेष से संबंधित अन्य तौर–तरीके शामिल हैं।

विकास की पद्धतियां और नई संरचनाएं

अंततः यह महामारी वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के लिए भी व्यवधान है। यह समस्त प्रचलित जीवीसी के ध्वस्त होने का कारण साबित हुई है। सबसे ज्यादा प्रभावित देश भी वही हैं, जो पुरानी व्यवस्था में प्रचलित आपूर्तिकर्ता या उपभोक्ता थे। लेटिन अमेरिकी देशों जैसे प्रमुख इनपुट आपूर्तिकर्ताओं, चीन जैसे विनिर्माण केंद्रों, ब्रिटेन जैसे वित्तीय केंद्रों और प्रमुख खपत केंद्रों जैसे अमेरिका और यूरोपीय संघ में निकट भविष्य में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैलने और आर्थिक वृद्धि की रफ्तार में कमी आने का अनुमान है। ऐसे परिदृश्य में, जाहिर तौर पर व्यापार, निवेश, बौद्धिक सम्पदा और घरेलू सहायता को नियंत्रित करने वाली वैश्विक संधियों की अस्थायी तौर पर अनदेखी हो सकती है। इतना ही नहीं, नए स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता यानी सैनिटरी एंड फाइटो–सैनिटरी अवरोध भी शुरु किए जा सकते हैं, नई परीक्षण प्रक्रियाएं और मानक शुरु किए जा सकते हैं, लोगों की आवाजाही सीमित की जा सकती है तथा संभवतः वैश्विक स्तर पर नए नियमों और मानकों के बारे में विचार विमर्श किए जा सकते हैं। यह आवश्यक है कि यदि ये विचार–विमर्श हों तो उनका झुकाव किन्हीं खास देशों के प्रति न हो, बल्कि समावेशी हों और उनमें सभी पक्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए। महामारी के संबंध में संक्रमणों और मौतों के संदर्भ में भारत और अफ्रीका अभी तक अपेक्षाकृत रूप से अनुकूल स्थिति में हैं हालांकि महामारी से निपटने के उनके प्रयासों में यदि भविष्य के आर्थिक घटनाक्रमों की अनदेखी की गई, तो यह अनुकूल परिस्थिति का रुख पलट सकता है। इसलिए महामारी से निपटने के प्रयास भविष्य की वैश्विक संरचना और उसका अंग बनने वाली प्रक्रियाओं के संबंध में उभरते कथानक पर भी केंद्रित होने चाहिए। इसके तौर–तरीकों में गोल मेज सम्मेलन, विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय बैठकें, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सहयोगपूर्ण अनुसंधान एवं परामर्श तथा अन्य उपयुक्त उपाय शामिल हैं।

मौजूदा हालात में यह महामारी एक संकटपूर्ण स्थिति है। हालांकि देशों के बीच सहयोग से यह नवोन्मेषी परिवर्तनों का अवसर भी बन सकती है जो आगे चलकर ज्यादा समावेशी विश्व का रुख कर सकते हैं। भारत और अफ्रीका यदि इन क्षेत्रों में एक–दूसरे के साझेदार बन जाएं, तो वे केवल इस संकट से ही सफलतापूर्वक बाहर नहीं निकलेंगे, बल्कि विश्व के समक्ष जीपीजी के प्रावधान का एक शानदार उदाहरण भी प्रस्तुत करेंगे।

नवोन्मेशी प्रौद्योगिकी के साथ कोविड–19 से जंग लड़ रहा है दक्षिण अफ्रीका

कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका में अप्रैल के आखिर तक लॉकडाउन रहा। ऐसे हालात में, इस महामारी के प्रकोप से निपटने में प्रौद्योगिकी बेहद उपयोगी साबित हुई।

कॉन्ट्रैक ट्रेसिंग ऐप्स दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं और अनेक देश अपने स्वदेशी वैरिएंट तैयार कर रहे हैं। यह ऐप संक्रमित लोगों को ट्रैक करने तथा पिछले 15 दिनों में उनके निकट सम्पर्क में आने वाले लोगों को जानकारी देने के लिए ब्ल्यूटूथ और लोकेशन टैक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है। दक्षिण अफ्रीका की सबसे बड़ी दूरसंचार कम्पनी टेलकॉम सैमसंग के साथ मिलकर सरकार को कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग में मदद कर रही है।

सैमसंग ने इस महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांतों को लगभग 1500 हैंड सेट्स वितरित किए हैं। टेलकॉम के फ्री मी पैकेज का उपयोग करने वाले ट्रैकर्स अगले 6 महीनों के लिए निशुल्क कनेक्टेड रहेंगे और वे देश भर में संक्रमित लोगों को ट्रैक एंड ट्रेस करने की सरकार की क्षमता को तीव्र गति प्रदान करेंगे।

हॉटस्पॉट्स की वास्तविक समय या रियल–टाइम पर परिकल्पना और पहचान करने में जीआईएस और लोकेशन टैक्नोलॉजीस विशेष तौर पर उपयोगी हैं। दक्षिण अफ्रीका सरकार ने कम्युनिटी मैपिंग में शामिल निजी प्रौद्योगिकी कम्पनियों से भी सम्पर्क किया। उदाहरण के लिए, असुरक्षित समुदायों की पहचान और सहायता के लिए असुरक्षित समुदायों के मानचित्र में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध डेटा का उपयोग किया गया।

स्रोत : चतुर्वेदी, ए. (21,अप्रैल 2020)। हाओ साउथ अफ्रीका टैक टू फाइट कोविड–19। जियोस्पेटल वर्ल्ड https://www.geospatialworld.net/blogs/how-south-africa- uses-tech-to-fight-covid-19/ से उद्धृत।

कोविड–19 और अफ्रीका के सामने चुनौती

*आदिति गुप्ता**

''मौजूदा महामारी ज्यादातर अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं में आय और रोजगार के स्तरों, खाद्य सुरक्षा की स्थिति, निर्यात राजस्व, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है।''

परिचय

वैश्विक महामारी कोविड–19 ने जिस तरह समूचे विश्व को अपनी चपेट में रखा है, उसके कारण दुनियाभर के देशों को अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अवरोधों का सामना करना पड़ रहा है। देशों द्वारा अपनी सीमाएं बंद करने और लॉकडाउन लागू करने के कारण उनके समक्ष बढ़ती बेरोजगारी, सिकुड़ती उपभोक्ता मांग, घटते निर्यात, कम होते निवेश की आशंकाएं उत्पन्न हो गई हैं। उन्नत देश अपनी गरीब आबादी की सहायता के लिए आय हस्तांतरित करने और घरेलू संकट टालने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन पैकेज प्रदान करने जैसे कदम उठा रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, स्पेन, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश मौजूदा महामारी से सर्वाधिक प्रभावित होने वाले देशों में शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि महामारी के कारण 2020 में वैश्विक अर्थव्यवस्था 1 प्रतिशत तक सिकुड़ सकती है, जबकि इसके विपरीत पहले इसमें 2.5 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की गई थी। एक मूल्यांकन रिपोर्ट *''कोविड–19 एंड वर्ल्ड ऑफ वर्क : इम्पैक्ट्स एंड रिस्पांसेज''* में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान व्यक्त किया है कि इस महामारी के कारण 2020 के अंत तक दुनिया में 25 मिलियन नौकरियां जा सकती हैं और कामगारों की आय में 860 बिलियन डॉलर से 3.4 ट्रिलियन डॉलर तक की हानि हो सकती है।[1]

* अनुसंधान सहायक, आरआईएस। ये व्यक्तिगत विचार हैं।

कोविड–19 और अफ्रीका

अफ्रीकी देशों ने भी कोविड–19 के प्रभाव से निपटने के लिए कमर कसना शुरु कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, सेनेगल, सुडान, बुर्किना फासो आदि जैसे देश इस वायरस को फैलने से रोकने के लिए पहले ही लॉकडाउन लगा चुके हैं। सिएरा लियोन में 12 महीनों के लिए आपात स्थिति घोषित कर दी गई है, जबकि रवांडा ने अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है। (रॉटबर्ग, 2020)

मौजूदा महामारी ज्यादातर अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं में आय और रोजगार के स्तरों, खाद्य सुरक्षा की स्थिति, निर्यात राजस्व, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। यूं तो शेष विश्व की तुलना में इस महामारी ने अफ्रीकी क्षेत्र में देर से दस्तक दी है, लेकिन यहां इसके कारण उत्पन्न चुनौतियों से सीधे तौर पर निपटने की जरूरत है।

सबसे निर्धन महाद्वीप होने के कारण यह महामारी अफ्रीका में कहर बरपा सकती है। अफ्रीकी देशों पर कोविड–19 के विविध प्रभावों को निम्नलिखित क्षेत्रों पर पड़े इसके प्रभाव के संदर्भ में समझा जा सकता है।

स्वास्थ्य: आबादी के जनसांख्यिकीय संदर्भ से विचार किया जाए, तो अफ्रीका की जनसंख्या अपेक्षाकृत युवा है। इसलिए शेष विश्व की तुलना में यह महाद्वीप बेहतर स्थिति में है, क्योंकि कोविड–19 के कारण होने वाली रुग्नता बुजुर्गों को ज्यादा गंभीर रूप से प्रभावित कर रही है, जैसा कि चीन या इटली जैसे देशों के मामले से सीखा जा सकता है। लेकिन अफ्रीकी देशों को अपने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में मौजूद अनेक कमजोरियों के कारण इस विशाल संकट से निपटने में मुश्किल हो रही है। उदाहरण के लिए ज्यादातर अफ्रीकी देशों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों का अभाव है साथ ही उनके पास प्रति व्यक्ति बिस्तर भी बेहद कम संख्या हैं, क्रिटिकल केयर यूनिट्स सीमित हैं और वेंटिलेटर्स की कम सप्लाई आदि जैसे हालात बने हुए हैं। इसके अलावा, अफ्रीकी आबादी का एक बड़ा वर्ग मलेरिया, एचआईवी/एड्स, खून की कमी, कुपोषण आदि जैसी बीमारियों से जूझ रहा है, जो शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को कमजोर बनाती हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, क्षेत्र के लगभग 26 मिलियन लोग एचआईवी पॉजिटिव हैं, जबकि 58 मिलियन से ज्यादा बच्चे कुपोषित और बौनेपन का शिकार हैं (कैलाघन एवं स्विलिंग, 2020)। ऐसी परिस्थितियों में, हो सकता है कि शेष विश्व की तुलना में अफ्रीका की युवा आबादी में कोविड–19 की कहीं समस्या ज्यादा गंभीर हो जाए।

तेल और अन्य जिंसें: वैश्विक व्यापार और यात्रा में रुकावटों के साथ ही चीन और अन्य देशों में तेल की खपत में कमी आने लगी, जिससे तेल की वैश्विक मांग में कमी आ गई। दुनिया भर में तेल के दाम गिरने से हालात और भी बिगड़ गए। ये सभी परिस्थितियां नाइजीरिया, घाना, लीबिया, अल्जीरिया आदि जैसे तेल उत्पादक और निर्यातक देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। अफ्रीका के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग के अनुसार, तेल निर्यातक अफ्रीकी देशों को 65 बिलियन डॉलर तक के राजस्व नुकसान का सामना करना पड़ सकता है (स्मिथ, 2020)। तेल के अलावा, अन्य जिंसों के दाम गिरने से भी अनेक अफ्रीकी देशों के संसाधनों पर गंभीर प्रभाव पडेगा। इसका कारण यह है कि इन जिंसों का निर्यात अनेक अफ्रीकी अर्थव्यवस्थाओं के जीडीपी का बहुत बड़ा अनुपात है। उदाहरण

के लिए, कांगो के लिए जिंसों का निर्यात उसके जीडीपी का 70 प्रतिशत भाग है तथा चीन को होने वाले निर्यात उसके कुल जीडीपी का 50 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, विश्व के 70 प्रतिशत कोबाल्ट का उत्पादन अफ्रीका के इस कॉपर बेल्ट क्षेत्र में होता है और चीन विश्व में कोबाल्ट का सबसे बड़ा आयातक है (कैलाघन एवं स्विलिंग, 2020)।

कृषि: सीमाएं बंद होने, आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार में अवरोध ज्यादातर अफ्रीकी देशों में खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से बहुत बड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। जिन देशों के कृषि उत्पाद उसके निर्यात का प्रमुख भाग हैं, उन्हें एशियाई देशों की ओर से कृषि उपज की मांग में कमी आने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, एग्रीकल्चरल बिजनेस सेंटर के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका को लगभग 2.5 बिलियन डॉलर की निर्यात हानि का सामना करना पड़ सकता है (उजु, 2020)। इतना ही नहीं, अफ्रीकी देशों को भंडारण की खराब सुविधाओं और खेतों के अल्प मशीनीकरण स्तरों का भी खामियाजा उठाना पड़ता है। लॉकडाउन और क्वारंटाइन के कारण श्रमिकों की संख्या में कमी हो जाने से ज्यादा श्रमिकों की आवश्यकता वाले फसलों के उत्पादन और प्रसंस्करण जैसे कार्य बाधित हुए। इन सभी कारणों से खाद्यान्नों के दामों में और ज्यादा वृद्धि और अनाज की कमी जैसे हालात उत्पन्न होंगे। घाना जैसे देशों में दहशत के कारण हो रही खरीददारी की वजह से पहले से ही बुनियादी खाद्य उत्पादों के दाम बढ़ गए हैं।

आपूर्ति श्रृंखला: चीन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए अनेक अफ्रीकी देश इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू वस्तुओं, वस्त्रों आदि के लिए चीन के आयात पर निर्भर हैं। उदाहरण के लिए, दक्षिण अफ्रीका के लगभग 60 प्रतिशत परिधान और वस्त्र चीन से आयात किए जाते हैं (कैलाघन एवं स्विलिंग, 2020)। आपूर्ति श्रृंखला में अवरोध के कारण प्रमुख अफ्रीकी देशों में अनेक छोटे और मझौले आकार के उद्यमों को अपना परिचालन बंद करना पड़ा है।

एयरलाइन : लॉकडाउन लगाए जाने और वैश्विक यात्रा बाधित होने के कारण दुनियाभर के एयरलाइन उद्योग को गंभीर नुकसान उठाने पड़े हैं। कोरोना वायरस के फैलने की शुरुआत होने के समय ही अफ्रीका के एयरलाइन उद्योग को राजस्व में लगभग 4.4 बिलियन डॉलर की हानि हुई थी। आईएटीए डेटा से पता चलता है कि 2020 में मार्च और अप्रैल के महीनों के दौरान अफ्रीका में अंतर्राष्ट्रीय बुकिंग्स में 20 प्रतिशत तक की कमी आई और घरेलू यात्रा में 15 प्रतिशत तक की कमी आ गई (कैलाघन एवं स्विलिंग, 2020)। एयरलाइन उद्योग के धराशायी हो जाने के कारण पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

तात्कालिक समाधान

इस बीमारी के कारण समूची दुनिया तथा अफ्रीका क्षेत्र में उपजे संकट पर गौर करते हुए घरेलू अर्थव्यवस्थाओं की रक्षा के कुछ तात्कालिक उपायों में वित्तीय और मौद्रिक नीतियों का उपयोग किया जाना शामिल है। विभिन्न अफ्रीकी देशों की सरकारों को स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों पर अपना खर्च बढ़ाने तथा घरेलू मांग को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

छोटे और मझौले कारोबारों को नकदी और कार्यशील पूंजी की कमी का सामना कर पड़ सकता है, ऐसे में उन्हें इस संकट से निपटने में सहायता देने के लिए आर्थिक राहत

पैकेज प्रदान करने की जरूरत है। अफ्रीकी महाद्वीप के भीतर समस्त क्षेत्रीय संस्थाओं को खाद्य और अन्य आवश्यक आपूर्तियों का आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए तथा आपूर्ति श्रृंखला के भीतर हो रही बर्बादी को कम करने की कोशिश करनी चाहिए।

अतिरिक्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र के कार्यान्वयन की गति को बढ़ाए जाने की जरूरत है। जैसा कि अफ्रीकन इकॉनोमी आउटलुक, 2019 दर्शाता है कि यदि अन्य विकासशील देश अपने टैरिफ और नॉन टैरिफ बाधाओं को घटा कर आधा कर देते हैं,तो उस स्थिति में अफ्रीका हर साल अपने जीडीपी का 4.5 प्रतिशत अथवा हर साल 134 बिलियन डॉलर की बढ़ोत्तरी कर सकता है (मोंगा, 2020)।

चूंकि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोश और विश्व बैंक ने विश्व के निर्धनतम देशों को कर्ज में राहत प्रदान किए जाने का आह्वान किया है, ऐसे में कर्ज माफी अफ्रीकी क्षेत्र के लिए भी लाभदायक है। महाद्वीप का कुल विदेशी और घरेलू ऋण स्टॉक लगभग 500 बिलियन डॉलर है और मध्यम ऋण या मीडियन डेब्ट जीडीपी अनुपात में वृद्धि देखी गई है, जो 2008 के 38 प्रतिशत से बढ़कर 2018 में 54 प्रतिशत हो गई। इस तरह कर्ज माफी के बगैर अफ्रीकी देश प्रति व्यक्ति नकारात्मक वृद्धि की ओर धकेले जा सकते हैं। (मोंगा, 2020)।

कोविड–19 का प्रकोप गंभीर मानवीय, आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां प्रस्तुत कर रहा है और अफ्रीकी देशों की राष्ट्रीय सरकारों के साथ विविध हितधारकों को इस संकट से एकजुट होकर निपटने की जरूरत है।

समाप्ति नोट

1 https://www.bloombergquint.com/global-economics/about-25-mn-jobs-could-be-lost-worldwide-due-to-coronavirus-un

संदर्भ

कैलन, एन एंड स्विलिंग, एम.2020,मार्च 27, कोवि. ड–19:इकॉनामिक इम्पैक्ट ऑन ईस्ट एंड सदर्न अफ्रीका। डेली मेवरिक https:// www-daily-maverick-co-za/article/2020& 03&27&cov-id&19&economic&impact&on&east& and&-southern&africa/

मोंगा, सी. 2020, मार्च 27, इकॉनामिक पालिसीस टू कॉम्बैट कोविड–19 इन अफ्रीका.प्रोजेक्ट सिंडिकेट।

https://www-project&syndicate- org/commentary/africa&four&ways&to& reduce&-covid19&economic&impact&by& celestin&monga&2020&03

रोटबर्ग आर.2020, अप्रैल 2। फॉर एन ऑलरेडी स्ट्रगलिंग कॉन्टिनेन्ट, कोविड–19 इज एप्ट टू रीक हैवोक इन अफ्रीका। द ग्लोबल एंड मेलः ओपिनियन

https://www-theglobeandmail-com/ opinion/article&for&an&already&struggling& continent&covid&19&is&apt&to&wreak&havoc&in/

स्मिथ ई., मार्च19। एज द कोरोना वायरस एराइव्स इन अफ्रीका, फ्रेजाइल इकोनोमीज आर ब्रेसिंग फॉर द वर्स्ट। सीएनबीसी https:// www-cnbc-com/2020/03/19/as&the& coronavirus&arrives&in&africa&fragile& economies&are&bracing&for&the&worst-html

उजु, जे.। 2020, मार्च 29। पोटेन्शियल इम्पैक्ट ऑफ को. विड–19 ऑन अफ्रीकाज़ एग्रीकल्चरल लैंडस्केप। दिसडःबिजनेस https:// www-thisdaylive-com/indeÛ- php/2020/03/29/potential&impact&of&covid&19&on&africas&agricultural&landscape/

विकास सहयोग की भाषा और स्वरूप

स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता: वर्तमान महामारी से सबक

मिलिंदो चक्रबर्ती *

''हमने इस तथ्य को बिल्कुल नजरअंदाज कर दिया कि प्रकृति एक अद्वितीय जटिल प्रणाली के रूप में काम करती है जहां अनंत संख्या में प्राकृतिक प्रक्रियाएं आपस में एक–दूसरे से काफी हद तक जुड़ी हुई हैं।''

प्रकृति किसी के साथ भेदभाव या पक्षपात नहीं करती है। इस मामले में प्रकृति का कोई जवाब नहीं है। जब भी कोई प्राकृतिक आपदा कहर ढाती है तो बार–बार यह बात बिल्कुल सही साबित होती है। बाढ़ अथवा जंगल में लगी आग या चक्रवाती तूफान अथवा भूकंप इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि प्रकृति न केवल इंसानों के बीच, बल्कि मानव और अन्य जीवित प्राणियों के बीच भी कोई भेदभाव नहीं करती है। बाढ़ और जंगलों में लगी आग से बार–बार यह तथ्य उभर कर सामने आता रहा है कि किस तरह से इंसान और अन्य जंगली जानवर जीवित रहने के लिए लंबे समय तक आपस में साथ रहते आए हैं। याद करें वह अविस्मरणीय गाथा, किस तरह से नोह अपने परिवार को सैलाब से बचाने के लिए एक चाप या जहाज (आर्क) का निर्माण करता है।

हालांकि, जब भी प्रकृति एकदम शांत रहती है और किसी पर भी अपना रोष नहीं जताती है, तो वैसी परिस्थिति में आपसी होड़ ही विद्यमान संसार का मूलमंत्र रहती है। 'अस्तित्व के लिए जीवन संघर्ष में योग्यतम की जीत' का सिद्धांत आपसी होड़ के खेल का सामान्य नियम बन गया है। यही नहीं, अपना अस्तित्व बचाने के लिए विभिन्न सामाजिक वर्गों के लोगों के बीच एक–दूसरे से प्रतिद्वंद्विता के साथ–साथ एक ही सामाजिक वर्ग के लोगों के अंदर बढ़ती प्रतिद्वंद्विता आज के दौर का सामान्य चलन है। इस तरह की गैर वाजिब प्रतिस्पर्धी भावना तब और बढ़ जाती है जब कोई सामाजिक वर्ग सकुंचित दृष्टिकोण अपनाते हुए संसाधनों में कमी की विकट परिस्थितियों से अनुचित लाभ उठाना शुरू कर देता है। शिकारी इस प्रतिस्पर्धा में अपने शिकार पर हावी हो जाते हैं, लेकिन दूसरी ओर प्रकृति यह सुनिश्चित कर देती है कि वंचित लोग अपने अस्तित्व को

* प्रबंध संपादक, डीसीआर और आरआईएस में विजिटिंग फेला

बनाए रखने के लिए बड़ी तेजी से अपनी संख्या बढ़ा लें। जाहिर है, कुछ विशेष प्रजातियों या वर्गों के बीच सह–जीवन एवं सह–अस्तित्व के अनेक उदाहरण हैं। वे अपवाद हैं।

मनुष्य और बाकी अन्य जीवित प्राणियों के बीच महत्वपूर्ण अंतर इस तथ्य में निहित है कि जहां एक ओर अन्य जीवित प्राणी प्राकृतिक नियमों का अक्षरशः पालन करते हैं, वहीं दूसरी ओर मानव ने एक ऐसे मार्ग का अनुसरण करना सीख लिया है जो आजीविका के लिए एक साधन के रूप में 'प्रकृति पर नियंत्रण' को अपरिहार्य मानता है। प्रकृति द्वारा उपलब्ध कराए गए आजीविका के साधन मानव की बढ़ती लालसा पूरी करने की दृष्टि से बेहद कम प्रतीत होते हैं। एक खास बात यह है कि हम प्रकृति के भौतिक और जैविक नियमों के बारे में अपनी गहरी समझ को व्यावहारिक रूप देकर कई प्राकृतिक प्रक्रियाओं की पुनरावृत्ति करने में सक्षम हो गए हैं। फिलहाल हमारी समझ से परे बाकी अन्य प्राकृतिक प्रक्रियाओं की भी पुनरावृत्ति आज नहीं तो कल अवश्य कर लेने को लेकर हमारा दृढ़ भरोसा खुद ही हमें यह विश्वास दिलाता है कि हम अपनी इच्छा के अनुसार 'प्रकृति को नियंत्रित' कर सकते हैं।

हमने अपने आवागमन में गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत की अवहेलना करने की सफल क्षमता हासिल कर ली है। चिकित्सा विज्ञान की बदौलत हम अब प्रकृति प्रदत्त अधिकतम जिंदगी से कहीं अधिक साल जीने में सक्षम हो गए हैं। ऐसे समय में जब प्रकृति की कृपा न हो रही हो, तब भी हम बादलों को सींच कर त्राहिमाम कर रहे क्षेत्रों में कृत्रिम वर्षा करा सकने में सक्षम हो गए हैं। हम जल के प्राकृतिक प्रवाह को मोड़ कर इसे दूर–दराज के क्षेत्रों में ले जाने के लिए सिंचाई नहरों का निर्माण करते हैं। हमने लाखों वर्षों से जीवाश्मों में फंसी सौर ऊर्जा को बाहर निकालने की प्रौद्योगिकियां विकसित कर ली हैं। यही नहीं, हमारे द्वारा विकसित परमाणु क्षमता दुनिया के साथ–साथ प्रकृति को भी कई बार नष्ट करने में समर्थ है। प्राकृतिक वनों को काट कर इनके स्थान पर प्रायः वानिकी वृक्षारोपण किया गया और वहां की भूमि के अन्य संभावित उपयोग का मार्ग प्रशस्त किया गया।

इन उपलब्धियों ने न केवल हमें आत्मसंतुष्ट एवं बेपरवाह कर दिया, बल्कि इस बात का भी पूरा भरोसा दिला दिया कि प्रतिस्पर्धा ही वह बुनियादी गतिशील ताकत है जिसके जरिए बड़ी तेजी से सामाजिक प्रगति सुनिश्चित की जा सकती है। 'प्रकृति पर नियंत्रण' ही दरअसल बाकी अन्य जीवित प्राणियों को नियंत्रित करने की हमारी ताकत को तय करता है, जिनमें वे मनुष्य भी शामिल हैं, जो दुर्भाग्यवश प्रकृति को नियंत्रित करने की क्षमता हासिल करने में पिछड़ जाते हैं। हम उन्हें 'विकसित' कहते हैं। हमने मानवता को दो विशिष्ट अलग–अलग समूहों में विभाजित कर दिया है। एक तरफ तो एक ऐसा समूह है जिसके पास नियंत्रण करने की क्षमताएं हैं, जबकि दूसरी तरफ वे बाकी अन्य लोग हैं जो प्रकृति पर अपना नियंत्रण बढ़ाने के लिए 'प्रथम' या 'विकसित' समूह से आवश्यक सहयोग प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं और इसके बदले में स्वेच्छा से या जबरन उसके द्वारा नियंत्रित होने के लिए भी तैयार हैं। जी हां, यही इस प्रतिस्पर्धा की कटु सच्चाई है।

प्रकृति को टुकड़ों–टुकड़ों में समझना

दुर्भाग्यवश, 'प्रकृति पर नियंत्रण' के लिए हमारी खोज टुकड़ों–टुकड़ों में हुई। हमने इस तथ्य को बिल्कुल नजरअंदाज कर दिया कि प्रकृति एक अद्वितीय जटिल प्रणाली के रूप में काम करती है जहां अनंत संख्या में प्राकृतिक प्रक्रियाएं आपस में एक–दूसरे से काफी हद तक जुड़ी हुई हैं। हम विभिन्न प्राकृतिक प्रक्रियाओं की इस आपसी अंतर–निर्भरता को समझने या यहां तक कि अहसास करने में

भी अक्सर विफल रहे और प्राकृतिक नियमों से संबंधित अपने ज्ञान का उपयोग कुछ इस तरह से किया मानो कि इन प्रक्रियाओं को एक दूसरे से एकदम अलग करके शुरू किया जा सकता है। इसके अनेक उदाहरण आपके सामने हैं। सिंचाई नहरों के निर्माण से पानी के प्राकृतिक प्रवाह में अवरोध उत्पन्न होता है, जिसके परिणामस्वरूप विनाशकारी बाढ़ आती है। यह माना जाता है कि वनों की अंधाधुंध कटाई ही जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ने और यहां तक कि पशुजन्य (जूनोटिक) विषाणुओं के मानव में फैलने के लिए जिम्मेदार है। यह भी माना जाता है कि इबोला, सार्स, एमईआरएस और नोवल कोरोना वायरस से जुड़ी वर्तमान महामारी इसलिए काफी फैल गई है क्योंकि वायरस के स्ट्रेन पशुओं से निकल कर मानव शरीर में अपना डेरा जमा कर बड़ी तेजी से अपनी पुनरावृत्ति करने या प्रतिकृति बनाने में सक्षम हैं। इसी तरह हिमालय क्षेत्र में सड़कों के व्यापक नेटवर्क के निर्माण को ही बारंबार भूस्खलन के लिए अक्सर जिम्मेदार माना जाता है। उधर, नदियों पर पुलों के निर्माण को गाद के बड़ी मात्रा में जमा होने के लिए उत्तरदायी माना जाता है। वहीं, बांधों की वजह से जलीय प्रजातियों का अपने प्राकृतिक वास में आना–जाना करना और वहां रहकर अपना वंश बढ़ाना मुश्किलों भरा हो गया है।

'तुलनात्मक बढ़त' के बजाय 'प्रतिस्पर्धी बढ़त' : बढ़ती विषमता

प्रकृति पर अपना नियंत्रण बढ़ा लेने से मानव को अब प्रतिस्पर्धी व्यवस्था की शुरुआत करने का भरोसा हो गया। कई देश प्रतिस्पर्धा का माहौल बनाने में जुट गए। प्रत्येक राष्ट्र इस व्यवस्था की एक यूनिट के रूप में उभर कर सामने आ गया। कृत्रिम रूप से, यहां तक कि वर्षों से अक्षुण्ण रहने वाले प्राकृतिक परिदृश्य को भी दो भागों में विभाजित कर बनाई गई राष्ट्रीय सीमाओं को अब नई सामान्य स्थिति मान लिया गया। यही नहीं, हमने अपने पासपोर्ट से ही अपनी पहचान बना ली और होमो सेपियंस परिवार के एक सदस्य के रूप में प्रजाति स्तर की अपनी प्राथमिक पहचान गंवा दी। हमने राष्ट्रीय स्तर पर खुशहाली के कुल योग के रूप में वैश्विक स्तर पर खुशहाली को परिभाषित करने की ऐसी व्यवस्था तैयार की जिसमें राष्ट्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को राष्ट्रीय कल्याण के स्तर को बढ़ाने में बिल्कुल उपयुक्त और प्रभावकारी माना गया। इतना ही नहीं, जीवन स्तर बढ़ाने में प्रतिस्पर्धा को रामवाण मानते हुए राष्ट्र के भीतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने की अवधारणा भी धीरे–धीरे जोर पकड़ने लगी। डेविड रिकार्डो ने अपनी प्रसिद्ध दलील में वैश्विक स्तर पर लाभ के लिए 'तुलनात्मक बढ़त' की वकालत की थी जिसे पलट कर 'प्रतिस्पर्धी बढ़त' को तवज्जो दी जाने लगी। 'तुलनात्मक बढ़त' में अपनी–अपनी सापेक्ष क्षमताओं के आधार पर विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं का दोतरफा आदान–प्रदान करने की दलील दी गई। भले ही कोई देश प्रतिस्पर्धी बढ़त के साथ दोनों ही वस्तुओं का उत्पादन करने में सक्षम हो, लेकिन यह वैश्विक कल्याण के हित में है कि संबंधित देश उस उत्पाद में माहिर बने जिसमें वह अपेक्षाकृत अधिक दक्ष है और वह दूसरे देश से उस उत्पाद को खरीदे जिसमें वह अपेक्षाकृत कम दक्ष है। इस दलील को दो देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के रूप में अच्छी तरह से समझा जा सकता है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर आदान–प्रदान के लिए मौजूदा समय में जिस 'प्रतिस्पर्धी बढ़त' पर विशेष जोर दिया जा रहा है उसमें सहयोग की भावना की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है, जिसकी वकालत रिकार्डो ने की थी।

'प्रतिस्पर्धी बढ़त' के पक्ष में दी गई दलीलों के कारण वैश्विक स्तर पर वृहद विभाजन हो गया। जिन देशों ने प्रतिस्पर्धी बढ़त हासिल कर ली, उन्होंने शक्तिशाली समूह का गठन कर लिया। वहीं, दूसरी ओर जो देश इसमें पिछड़ गए, उन्होंने शेष बचे देशों के समूह का

गठन किया। इसके अलावा, आय की सीढ़ी के शीर्ष पायदान पर रहने वाले चुनिंदा राष्ट्रों और इसके सबसे निचले पायदान पर रहने वाले ज्यादातर देशों के बीच की खाई निरंतर बढ़ती चली गई। यह समझने में कोई गलती न करें कि काफी हद तक 'प्रतिस्पर्धी बढ़त' का माहौल प्राकृतिक प्रणाली में अंतर्निहित जटिलताओं की पूरी तरह से उपेक्षा करने के परिणामस्वरूप ही बना है जिसका प्रतिकूल प्रभाव पारस्परिक निर्भरता वाले मानव–प्रकृति संबंधों को निरंतर बनाए रखने पर पड़ेगा।

मानव–प्रकृति की पारस्परिक निर्भरता: महत्वपूर्ण संतुलन को बनाए रखें

कोविड–19 महामारी का प्रकोप ठीक ऐसे समय में हुआ है जब हमने 'समावेशी विकास' पर गंभीरतापूर्वक विचार–विमर्श करना शुरू कर दिया है, जिसके सुनिश्चित होने पर कोई भी व्यक्ति विकास के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। यही नहीं, हमने निर्धारित समय सीमा में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) तक सफलतापूर्वक पहुंचने के प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। यह भी मानव जाति के इतिहास में एक बड़ी अच्छी बात है कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से मानवता को संभावित खतरों से जुड़ी चिंताओं को विभिन्न महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्मों पर बार–बार उठाया जा रहा है। ये दोनों ही चिंताएं मानव और प्रकृति के बीच के संबंधों में नाजुक संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता की ओर इशारा कर रही हैं जिसके तहत प्रकृति के एक हिस्से के रूप में, न कि उसके नियंत्रक के रूप में मानव के अस्तित्व पर विशेष जोर दिया जाता है। ऐसे में हमारी राष्ट्रीय पहचान की सीमाओं को तोड़ते हुए होमो सेपियंस के रूप में हम सभी के बीच सहयोग बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिस्पर्धा की भावना को ध्यान में रखकर हम जिन संकीर्ण राष्ट्रीय हितों की पूर्ति में जुटे रहे हैं उन्हें काफी हद तक तिलांजलि देनी होगी, ताकि एक प्रजाति के रूप में हम अपने वजूद को निरंतर बनाए रख सकें।

कोविड–19 वायरस ने पूरी दुनिया में जो कहर ढाया है उससे बेहतर उदाहरण और क्या हो सकता है। विश्व भर में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या के 1 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेने, इससे अभी तक प्रभावित न होने वाले देशों की संख्या के नगण्य होने और इससे मरने वालों की संख्या के 5 लाख से भी अधिक हो जाने के तथ्यों के मद्देनजर वैश्विक कल्याण के प्रतिस्पर्धा आधारित मॉडल के बजाय सहयोग आधारित मॉडल को अपनाने की आवश्यकता का अहसास करना अब कतई मुश्किल नहीं है। किसी भी बहस या विचार–विमर्श के बिना ही यह दलील स्पष्ट रूप से दी जा सकती है कि जिस सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में तत्काल वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है वह कोई और नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र ही है। इस महामारी ने यह स्पष्ट रूप से दर्शा दिया है कि किसी भी व्यक्ति की रुग्णता एवं मौत से संबंधित प्रोफाइल दूसरों की तुलना में भिन्न नहीं है। वायरस जब फैलना शुरू करता है, तो वह दुर्भाग्यवश राष्ट्रीय सीमाओं का कतई ख्याल नहीं रखता है। सर्वाधिक सख्त आव्रजन कानून भी इसे किसी भी देश में प्रवेश करने से नहीं रोक सकते हैं, चाहे वह प्रतिस्पर्धा के जरिए विश्व स्तर पर उभरने वाला कितना भी ताकतवर देश क्यों न हो।

स्वास्थ्य सेवाओं में वैश्विक सहयोग के पक्ष में

सही मायनों में वैश्विक सहयोग शुरू करने का सबसे आसान क्षेत्र स्वास्थ्य सेवाएं, विशेषकर संक्रामक रोगों से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाएं हैं। किसी भी नई संक्रामक बीमारी का प्रकोप बढ़ने से अक्सर नई चुनौतियां उभर कर सामने आती हैं क्योंकि शुरू में इसकी कोई भी कारगर दवा नहीं होती है। जाहिर है, प्रकृति और नए वायरस के बीच की पारस्परिक निर्भरता

पर बहुत अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है। दरअसल, चुनौती इनमें से कुछ आपसी जुड़ाव को समझने की है और इसके लिए वैश्विक स्तर पर ठोस प्रयास करने की नितांत आवश्यकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं को इन दो कार्य–क्षेत्रों (डोमेन) में विभाजित किया जा सकता है – उपचारात्मक और निवारक। नैदानिक सेवाएं इन दोनों पुलों को आपस में पाटती या जोड़ती हैं। जब भी किसी नई बीमारी का प्रकोप होता है, तो नए रोगाणु के बारे में बहुत कुछ नहीं पता होता है। इसकी जैविक और सूक्ष्मतम संरचनाएं कैसी हैं? यह किसी जीवित शरीर में कैसे प्रवेश करता है और फिर उस शरीर के अंदर बड़ी संख्या में अपनी प्रतिकृति कैसे बनाता है? इसकी प्रतिकृति बनाने की क्षमता को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है? संक्रमित होने वाले रोगी की मृत्यु कदापि न होने देने के लिए कौन से औषधीय उपचार किए जा सकते हैं? इस रोग के मरीजों को कौन–कौन सी सहायक चिकित्सा सेवाएं दी जानी हैं? मौत होने के जोखिमों को कम करने के लिए इन सभी सवालों का उत्तर एक साथ दिया जाना जरूरी है। संक्रमित मरीजों को इस तरह की उपचारात्मक सेवाएं जल्द से जल्द मुहैया कराने में प्रभावकारी साबित होने के लिए पूरी दुनिया के विशेषज्ञों द्वारा सहयोग की भावना के साथ और चिर–परिचित प्रतिस्पर्धी सोच को तिलांजलि देते हुए ठोस प्रयास किया जाना नितांत आवश्यक है।

निवारक उपाय दो चरणों में किए जाते हैं। सबसे पहले, बीमारी के संक्रमण को फैलने से रोकने के उपाय किए जाते हैं। अतीत में संक्रामक रोगों से इस तरह से निपटने के अनुभवों के आधार पर सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी मानक प्रोटोकॉल अच्छी तरह से तैयार किए गए हैं। अधिक समय गंवाए बिना ही रोग के विशिष्ट लक्षणों को जानने की उपयुक्त विधा विकसित की जा सकती है। दूसरा उपाय यह है कि एक ऐसा कारगर टीका (वैक्सीन) विकसित किया जाए जो रोगनिरोधी की भूमिका निभाए। दरअसल, यह टीका जब किसी व्यक्ति को लगाया जाएगा तो उसमें संबंधित रोगाणु के हमलों से रक्षा करने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाएगी तथा वैसी स्थिति में संक्रामक बीमारी को और अधिक फैलने से रोका जा सकेगा।

वैश्विक स्तर पर संयुक्त सहयोगात्मक प्रयास अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) संगठनों के एक नेटवर्क के माध्यम से हो सकते हैं। यही नहीं, इसके लिए ऐसे सार्वजनिक और परोपकारी स्रोतों की ओर से वित्त पोषण हो सकता है जो इस तरह के अनुसंधान से तैयार होने वाली दवाओं, इत्यादि पर बौद्धिक संपदा अधिकारों का दावा करने में दिलचस्पी नहीं रखेंगे। अतः यह संभवतः इन समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान है। इस तरह के नेटवर्क के सदस्यों से निरंतर संपर्क बनाए रखना चाहिए, ताकि उभरते नए रोगाणुओं से भविष्य में होने वाले खतरों और संभावित उपचारात्मक उपायों की पहचान करना संभव हो सके। इनसे किसी और महामारी की पुनरावृत्ति को रोकने में मदद मिलेगी। इस तरह के ज्ञान और उससे सृजित सेवाओं को वैश्विक स्तर पर सर्वसुलभ माना जाएगा जो किसी भी निजी लाभ के सृजन के दायरे से परे होगा। इन्हीं सिद्धांतों को नैदानिक किट के विकास के मामले में भी लागू किया जाना चाहिए।

वर्तमान महामारी का प्रकोप बढ़ते ही हमें यह स्पष्ट रूप से प्रतीत हुआ कि बड़ी संख्या में मरीजों को अस्पताल में भर्ती करने और संबंधित उपचारात्मक सेवाएं मुहैया कराने के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचा न केवल गरीब देशों, बल्कि कई धनी राष्ट्रों में भी निहायत ही अपर्याप्त है। यदि भविष्य में इस तरह की महामारी फिर से कहर ढाना शुरू करती है तो हम इससे लड़ने के लिए बेखबर होने या पूरी तरह से तैयार न होने का

जोखिम पुनः नहीं उठा सकते हैं। अतः स्वास्थ्य संबंधी वैश्विक बुनियादी ढांचे में निवेश की एक बड़ी खुराक निश्चित तौर पर अपरिहार्य है। यहां पर यह बात दोहराना सही होगा कि महामारी का प्रकोप बड़ी तेजी से बार–बार नहीं होता है, इसलिए इसकी रोकथाम के उपायों पर किए जाने वाले निवेश पर अपेक्षा से कम रिटर्न मिलने की प्रबल संभावना है। अतः इस क्षेत्र में उन स्रोतों से निवेश नहीं आएगा जो तत्काल रिटर्न पाने में रुचि रखते हैं। सार्वजनिक निवेश के साथ–साथ सॉवरेन फंड और संभवतः पेंशन फंड को इस तरह की पहल में भारी–भरकम निवेश करना होगा।

एक निहायत ही अज्ञात रोगाणु या वायरस के फैलाव से उत्पन्न महामारी से एक और बड़ी चुनौती सामने आ गई है। महामारी से लोगों की मौत होने के खतरे को कम–से–कम करने के लिए बड़े कदम उठाने की हमारी कवायद के तहत लाखों लोगों की आजीविका की सुरक्षा की अनदेखी कर दी गई है। सख्त लॉकडाउन लागू करने और 'सामाजिक दूरी बनाए रखने के उपायों' के परिणामस्वरूप कई लोगों को अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया है। आर्थिक गतिविधियां लगभग पूरी तरह से ठप पड़ गई हैं जिस वजह से वर्तमान उत्पादन स्तरों पर भारी नकारात्मक असर पड़ा है। यही नहीं, ये अर्थव्यवस्थाएं सामान्य स्थिति में कब वापस आएंगी, इसको लेकर व्यापक अनिश्चितताएं हैं। यहां तक कि इस पर भी संशय है कि हम वास्तव में नई सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं या नहीं। पर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के अभाव के कारण प्रायः निजी अस्पतालों में अपना इलाज कराने के लिए विवश होने वाले मरीजों के उपचार की लागत काफी ज्यादा बैठ रही है। इस तरह की अनिश्चित स्थिति में वैश्विक समुदाय का एक बड़ा तबका वर्तमान संकट और भविष्य की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए आय संबंधी कुछ सहायता पाने की उम्मीद करेगा। एक खास बात यह है कि इस तरह की आय सहायता देने की मांग केवल कुछ चुनिंदा देशों में ही नहीं उठेगी, बल्कि यह एक वैश्विक आवश्यकता का रूप लेने जा रही है। भविष्य में महामारी का प्रकोप होने की स्थिति में उपयोग करने के लिए एक 'वैश्विक बुनियादी आय सहायता कोष' बनाना समय की मांग है। इस संसाधन का उपयोग अन्य प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी किया जा सकता है। प्रत्येक देश को इस कोष में योगदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। यह कोष आने वाले समय में सामान्य वर्षों के दौरान विवेकपूर्ण निवेश के माध्यम से और बढ़ जाएगा तथा इसका उपयोग केवल वैश्विक स्तर पर आपातकालीन हालात बनने पर ही किया जाएगा। इसी तरह विभिन्न देशों के क्षेत्रीय समूह भी अतिरिक्त सहायता कोष बना सकते हैं जिनका उपयोग केवल क्षेत्रीय स्तरों पर स्वास्थ्य संबंधी संकट गहराने के दौरान किया जाएगा। इस कोष में हर वर्ष जुड़ने वाली धनराशि का इस्तेमाल 'स्वास्थ्य से संबंधित एसडीजी3' की प्राप्ति के लिए कुछ अत्यंत आवश्यक कार्यों को पूरा करने में किया जा सकता है।

इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक संस्थागत व्यवस्थाएं सौहार्दपूर्वक ढंग से की जा सकती हैं, बशर्ते कि इस बारे में आम सहमति हो जाए। हालांकि, इसमें कोई शक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग की मौजूदा व्यवस्थाओं में से कोई भी, चाहे वह बहुपक्षीय हो या द्विपक्षीय, इन जिम्मेदारियों को उठाने की स्थिति में नहीं है। अतः ऐसे में इन प्रस्तावों को मूर्त रूप देने के लिए बिल्कुल भिन्न प्रभावकारी नियम–कायदे बनाने और उपयुक्त संस्थागत व्यवस्थाएं करने की आवश्यकता है।

योगदान देने वालों के लिए दिशा–निर्देश

1. डीसीआर एक संदर्भित बहु–विषयक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका है। पांडुलिपियों या हस्तलेखों को ईमेल–संलग्नक के रूप में एमएस–वर्ड में प्रबंध संपादक (milindo.chakrabarti@ris. org.in) को भेजा जा सकता है।
2. पांडुलिपियों या हस्तलेखों को डबल स्पेसिंग का उपयोग करके तैयार किया जाना चाहिए। पांडुलिपियों का मूल पाठ आमतौर पर 1500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए। समकक्ष समीक्षा अनुभाग के लिए भेजी जाने वाली पांडुलिपियां 5000 शब्दों तक सीमित हो सकती हैं। इस तरह के प्रस्तुतिकरण में 200 शब्दों का सार और अधिकतम छह प्रमुख या सूचक शब्द होने चाहिए।
3. 'ise' , -isation' शब्दों में 's' का उपयोग करें; उदाहरण के लिए, 'civilise','organisation'। अमेरिकी वर्तनी के बजाय ब्रिटिश वर्तनी का उपयोग करें। अतः 'labor' के बजाय 'labour' लिखें। (2 percent, 3 km, 36 years old, इत्यादि)। सामान्य विवरण में 10 से नीचे की संख्या को शब्दों में लिखा जाना चाहिए। thousands, millions, billions लिखें, न कि lakh और crore। संख्या और तारीख को संक्षेप के बजाय पूर्ण रूप में लिखें – उदाहरण के लिए 1980-88, pp.200-202 और pp.178-84 । उदाहरण के लिए 'the eighties', 'the twentieth century', इत्यादि।

संदर्भ शैली: संदर्भ को पेपर या आलेख के अंत में संलग्न किया जाना चाहिए। सभी संदर्भ निश्चित तौर पर डबल स्पेस में होने चाहिए, और यह होना चाहिए 'उसी लेखक को उद्धृत किया जाता है', इसके बाद प्रकाशन वर्ष के हिसाब से उन्हें कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित करें।

सभी संदर्भों को एपीए शैली में मूल पाठ में सन्निहित किया जाना चाहिए। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया पाठ्यक्रम और विषय संदर्शिका या गाइड देखें:

https://pitt.libguides.com/c.php?g=12108&p=64730

हमारी मेलिंग सूची या लिस्ट में शामिल होने के लिए निमंत्रण

यदि पाठक 'डेवलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू ' का सॉफ्ट वर्जन प्राप्त करने के लिए हमारी मेलिंग सूची या लिस्ट' में शामिल होने के इच्छुक हैं, तो कृपया संगठनात्मक संबद्धता के साथ आरआईएस ईमेल पर: dgoffice@ris.org.in पर विवरण भेजें। यह भी निर्दिष्ट करें कि हार्ड कॉपी अपेक्षित है या नहीं।

योगदान के लिए निमंत्रण

हम सामान्य रूप से विकास सहयोग और विशेष रूप से दक्षिणीय सहयोग से संबंधित मुद्दों पर इच्छुक पाठकों से योगदान आमंत्रित करते हैं। आप अपने योगदान में विकास सहयोग से जुड़े सिद्धांत, व्यावहारिक कार्यकलापों और संबंधित बहस या वाद–विवाद को भी शामिल कर सकते हैं। नवीनतम प्रकाशनों जैसे कि पुस्तकों, मोनोग्राफ या विशेष लेखों, रिपोर्टों की समीक्षा भी स्वागत योग्य है। विकास सहयोग पर होने वाले किसी भी आगामी संस्थागत आयोजन को भी 'डीसीआर' में शामिल किया जा सकता है। योगदान 1500 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

संपादकीय जानकारी, योगदान, प्रतिक्रिया या जानकारियों (फीडबैक) और टिप्पणियों के लिए milindo.chakrabarti@ris.org.in और dgoffice@ris.org.in पर मेल करें।

समकक्ष समीक्षा वाले लेखों/निबंधों पर एक अनुभाग या सेक्शन की शुरुआत

विभिन्न सुझावों, प्रतिक्रियाओं या जानकारियों (फीडबैक) और संचित अनुभवों को ध्यान में रखते हुए हमने एक सेक्शन शुरू करने का फैसला किया है जिसमें समकक्ष समीक्षा एवं पूर्ण लंबाई वाले लेख/निबंध सम्मिलित होंगे। योगदान करने के इच्छुक विद्वानों से अनुरोध है कि वे अपनी पांडुलिपियों (यदि संभव हो, तो 5000 शब्दों से अधिक नहीं) को संपादकीय कार्यालय में भेज दें।

'डेवलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू' के बारे में

डेवलपमेंट कोऑपरेशन रिव्यू (डीसीआर) का उद्देश्य वैश्विक विकास सहयोग से जुड़ी समग्र गाथा की बारीकियों को रेखांकित करना और दक्षिण यानी विकासशील देशों की अगुवाई वाली विकास सहयोग प्रक्रियाओं के सैद्धांतिक निरूपण, अनुभवजन्य सत्यापन और प्रलेखन से जुड़ी अहम ज्ञान खाई को पाटना है। दक्षिणीय विकासशील देशों की दुनिया में विकास साझेदारियों की बढ़ती संख्या के बावजूद अब भी वैश्विक विकास प्रक्रियाओं में इसके योगदान के बारे में विस्तृत जानकारी एवं विश्लेषण उपलब्ध नहीं है। वैसे तो कुछ गतिविधियों या कार्यकलापों के दस्तावेजीकरण के लिए छिटपुट प्रयास होते रहे हैं, लेकिन दक्षिणीय सहयोग (एसएससी) से जुड़े विविध अनुभवों को कालक्रम के अनुसार प्रस्तुत करने के लिए सतत प्रयास अब भी नहीं किए जा रहे हैं। आरआईएस ने इस खाई को पाटने के लिए जीडीआई, एफआईडीसी और नेस्ट के साथ संयुक्त प्रकाशन में एक त्रैमासिक पत्रिका *'डीसीआर'* को लॉन्च करने का प्रयास किया है।

विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस) के बारे में

आरआईएस नई दिल्ली स्थित एक स्वायत्त नीतिगत अनुसंधान संस्थान है जिसकी परिकल्पना वैश्विक एवं क्षेत्रीय आर्थिक मुद्दों पर विकासशील देशों के बीच प्रभावकारी नीतिगत संवाद और क्षमता–निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक विशिष्ट फोरम के रूप में की गई है। आरआईएस के कार्यकलाप कार्यक्रम के तहत दक्षिणीय सहयोग को बढ़ावा देने और विभिन्न फोरम में होने वाली बहुपक्षीय वार्ताओं में विकासशील देशों के साथ सहयोग करने पर फोकस किया जाता हैA @RIS_NewDelhi

वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) के बारे में

आरआईएस में स्थापित वैश्विक विकास पहल (जीडीआई) का उद्देश्य भारत की विकास पहलों से संबंधित जानकारियों को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना और सिविल सोसायटी संगठनों सहित अपने संस्थागत साझेदारों की मदद से एशिया और अफ्रीका में विभिन्न जानकारियों को साझा करने के तहत उनकी प्रतिकृति या पुनरावृत्ति को बढ़ावा देना है। यह एक सूक्ष्म रूपरेखा के भीतर वैश्विक विकास प्रक्रियाओं का पता लगाने एवं उन्हें सुस्पष्ट करने का प्रयास करता है। इसके साथ ही यह बहु–विषयक एवं बहु–व्यावहारिक दृष्टिकोण पर आधारित समानता, स्थिरता और समावेश को बढ़ावा देने की दिशा में अन्य देशों की सीखने की प्रक्रियाओं की तुलना करने एवं अपनाने के लिए एक अद्वितीय प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता है।

नेटवर्क ऑफ सदर्न थिंक टैंक्सं (नेस्टं) के बारे में

दक्षिणी भागीदारों के बीच आंतरिक रूप से सृजित जानकारियों से विभिन्न वैश्विक नीति फोरम में ठोस आम मुद्दों को समग्र रूप देने में मदद मिल सकती है। दिल्ली में 'सदर्न प्रोवाइडर्स' के उच्च–स्तरीय सम्मेलन (मार्च 2013) में इन मुद्दों में से कई पर आम सहमति बन जाने और फिर यूएनडीसीएफ के अंतर्गत एसएससी पर कोर ग्रुप का गठन होने (जून 2013) के बाद 'नेटवर्क ऑफ सदर्न थिंक टैंक्स (नेस्ट)' को 10–11 मार्च 2016 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित 'दक्षिणीय सहयोग पर सम्मेलन' में औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। 'नेस्ट' का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय विकास के लिए एसएससी के दृष्टिकोणों पर विभिन्न जानकारियों को आपसी सहयोग से सृजित, व्यवस्थित, समेकित और साझा करने हेतु दक्षिणी (सदर्न) थिंक–टैंकों के लिए एक वैश्विक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है। @NeST_SSC

भारतीय विकास सहयोग फोरम (एफआईडीसी) के बारे में

एफआईडीसी का लक्ष्य दक्षिणीय सहयोग से जुड़े व्यापक रुझानों के विस्तृत विश्लेषण को प्रोत्साहित करना और सैद्धांतिक एवं अनुभवजन्य विश्लेषण, फील्ड वर्क, धारणा संबंधी सर्वेक्षण और क्षमता निर्माण की आवश्यकताओं के आधार पर हितधारकों के साथ विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श को सुनिश्चित करके भारतीय नीतियों को प्रासंगिक बनाना है। @FIDC_NewDelhi

द्वारा प्रकाशित:

RIS
Research and Information System
for Developing Countries
विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली

कोर 4-बी, चौथा तल, भारत पर्यावास केन्द्र, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003, भारत । दूरभाष: 91-11-24682177-80
फैक्स: 91-11-24682173-74, ई-मेल: dgoffice@ris.org.in
वेबसाइट: http://www.ris.org.in

Follow us on:

www.facebook.com/risindia @RIS_NewDelhi www.youtube.com/RISNewDelhi

वैश्विक दक्षिण में विभिन्न विकास सहयोग प्रक्रियाओं से सीखने और उन्हें साझा करने के प्रयासों के अंतर्गत जीडीआई द्वारा डीसीआर का प्रकाशन किया जा रहा है।

विषय वस्तु *(शेष सामने के कवर से जारी)*

भारत–अफ्रीका संबंधः वर्तमान संकट और भविष्य
अभिनव झा

कोविड–19 और अफ्रीका के सामने चुनौती
अदिति गुप्ता

परिप्रेक्ष्य

विकास सहयोग की भाषा और स्वरूप
स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में वैश्विक सहयोग की आवश्यकताः वर्तमान महामारी से सबक
मिलिन्दो चक्रवर्ती